delays in rehabilitations, etc. of village and smaller tiny industries. The Committee also suggested a smooth exit policy for unviable sick units with a one-time settlement of suitably scaled down bank dues.

Central Fund for Small Scale Industries

2969. SHRIMATI CHANDRIKA ABHINANDAN JAIN: Will the PRIME MINISTER be pleased to refer to l he answer to Unstarred Question 200 given in the Rajya Sabha on 9th July, 1992 and state:

(a) whether the Small Industry Modernisation Fund for Modernisation and Upgradation of Small Scale Sector has been set up; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (DEPARTMENT OF SMALL, SCALE INDUSTRIES AND AGRO AND RURAL INDUSTRIES (SHRI M. ARUNACHALAM): (a) No. Sir.

(b) Does not arise.

मारूति कारों की बिक्री

2970. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1989–90' 1991–92, और 1992–93 की अवधि के दौरान कितनी मारूति कारों का विनिर्माण किया गया और बेचा गया ;

(ख) कारखानों से शोरूम ले जाते समय आंशिक रूप से और पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मारूति कारों की संख्या कितनी-कितनी है और इसके परिणामस्वरूप कितनी हानि हुई ; और

(ग) इस हानि के लिये किन-किन व्यक्तियों को उत्तरदायी पाया गया और उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

उद्योग मंत्रालय (भारी उद्योग विभाग) में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) विनिर्माण किए गए और बेचे गए मारूति वाहनों की संख्या नीचे दर्शाई गई है :–

वर्ष	उत्पादन (संख्या)	बिक्री (संख्या)
1989–90	1,17,521	1,17,255
1990–91	1,23,083	1,20,302
1991–92	1,21,167	1,22,438
1992–93* (28.2.93 तक)	1,13,906	1,11,197

*अनन्तिम

(ख) और (ग) परिवहन के दौरान कारों का क्षतिग्रस्त होना प्रचालनों का एक सामान्य भाग है।

खादी आयोग द्वारा सरकार से स्वीकृति लिये बिना ही भूमि की खरीद

2971. **श्री राम नरेश यादव** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि खादी आयोग और खादी भवन के प्रबन्धन को सरकार से स्वीकृति लिये बिना ही नोएडा में 90 लाख रुपये के मूल्य की भूमि अथवा दुकानें खरीदने का अधिकार प्राप्त है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस संबंध में क्या कार्यवाही किए जाने का विचार है ?